**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 243**
**17 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## केन्द्र सरकार के अस्पतालों में चिकित्सकों और नर्सों के रिक्त पद

***243. श्रीमती नुसरत जहां:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, केन्द्र सरकार के अस्पतालों में चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं;
(ख) मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, केन्द्र सरकार के अस्पतालों में नर्सों और अन्य सहायक कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं;
(ग) क्या मंत्रालय रिक्त पदों को भरने के लिए किन्हीं लक्षित भर्ती योजनाओं पर विचार कर रहा है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**17 मार्च, 2023 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 243 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): तीन केंद्र सरकारी अस्पतालों नामत: वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल (वीएमएमसी और एसजेएच), नई दिल्ली, अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (एबीवीआईएमएस और आरएमएलएच), नई दिल्ली और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी और संबद्ध अस्पताल (एलएचएमसी और एसएसकेएच), नई दिल्ली में डॉक्टरों/ नर्सों और अन्य सहायक स्टाफ की रिक्तियों का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) और (घ): रिक्तियां भरने के लिए मंत्रालय/ केंद्र सरकार के अस्पतालों द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमानित रिक्तियों के आधार पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) प्रत्येक वर्ष केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा (सीएचएस) के उप संवर्ग सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों (जीडीएमओ) के चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती के लिए संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा (सीएमएसई) का संचालन करता है। यूपीएससी मंत्रालय द्वारा समय-समय पर प्रस्तुत की गई मांगों के अनुसार, सीएचएस के शिक्षण, गैर-शिक्षण और जन स्वास्थ्य उप संवर्गों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए साक्षात्कार भी लेता है।

केंद्र सरकार के अस्पताल नर्सों और अन्य सहायक स्टाफ के रिक्त पदों को भरने के लिए नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य योग्यता परीक्षा (एनओआरसीईटी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के माध्यम से और अपने स्वयं के स्तर पर भी भर्ती प्रक्रियाएं/ परीक्षाएं संचालित करते हैं।

इसके अलावा, केंद्र सरकार के अस्पताल जनहित में अस्थायी व्यवस्था के तौर पर रिक्त पदों पर संविदागत नियुक्तियां भी करते हैं।

**अनुलग्नक-I**

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **रिक्तियां** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **वीएमएमसी और एसजेएच** | **एबीवीआईएमएस और आरएमएलएच** | **एलएचएमसी और एसएसकेएच** |
| 1 | डॉक्टर | 118 | 71 | 52 |
| 2 | नर्सें | 100 | 01 | 27 |
| 3 | अन्य सहायक स्टाफ | | | |
| | समूह ख | 205 | 126 | 69 |
| | समूह ग | 133 | 367 | 519 |

दर्शाई गई रिक्तियों में संविदागत नियुक्तियां शामिल नहीं हैं।

*****